कृषि विज्ञान केन्द्र मथुरा पर
आंगनवाडी कार्यकर्तियों हेतु जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन
प्रगति आख्या

माननीय कुलपति, दुवासू से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुपालन में उ0प्र0 पं0 दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान वि0वि0 एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा के अर्न्तगत कार्यरत कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा आज दिनांक 21 जून 2021 को कोविड–19 से बचाव, टीकाकरण, महिला स्वास्थ्य, बाल विकास एवं पुष्टाहार के विषय पर आंगनवाडी कार्यकर्तियों हेतु जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों एवं आंगनवाडी कार्यकर्तियों का स्वागत केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा0 एस0के0मिश्रा द्वारा पुष्प गुच्छ तथा पटुका पहनाकर किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कुलपति, दुवासू प्रो0 जी0के0सिंह ने आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को ग्रामीण विकास की धुरी बताते हुए आवाहन किया कि सरकार द्वारा टीकाकरण, महिला व बालकों के स्वास्थ्य हेतु चलायी जा रहीं मुहिम में सकारात्मक सहयोग करते हुए टीकाकरण एवं कुपोषण नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाहन किया। प्रो0 सिंह ने बताया कि विकास की श्रेणी में भारत अभी भी विश्व में 94वें पायदान पर है, इसे 2025 तक अग्रिम पंक्ति में लाने हेतु आंगनवाडी कार्यकर्तिओं को विशेष योगदान करना है इसके लिए गॉव गॉव मे आदर्श पोषणीय वाटिकाओं तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को शतत रूप से पहॅुचाने की आवश्यकता है।

जनपद के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सुकेन्द्र गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली अधिकांश महिलाऐं खून की कमी से ग्रसित हैं तथा उनमें विभिन्न विटामिनों की कमी है। इसके लिए विभाग द्वारा बच्चों में टीकाकरण एवं महिलाओं के शारीरिक विकास हेतु विटामिन्स एवं आयरन की गोलियॉ उपलब्ध करा रहा है। वहीं नवजात शिशुओं को दूध पिलाने वाली महिलाओं को अतिरिक्त प्रोटीन युक्त भोजन की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर जनपद में कोविड नियंत्रण के प्रभारी डा0 भूदेव सिंह ने आवाहन किया कि हमें प्रत्येक दशा में कोविड को हराना है इसके लिए अधिक से अधिक टीकाकरण कराना सुनिश्चत करते हुए कोविड गाइडलाइनों का पालन करना जरूरी है। उन्होंने आंगनवाडी कार्यकर्तिओं को गॉव में जाकर ग्रामीण महिलाओं व पुरूषों को कोविड के प्रति जागरूक करना तथा टीकाकरण हेतु प्रेरित करने का आवाहन किया।

इस अवसर पर बतौर अध्यक्ष बोलते हुए वि0वि0 के कुलसचिव एवं अधिष्ठाता,पशु चिकित्सा संकाय डा0पी0के0शुक्ला ने बताया कि सरकारी योजनाओं की जानकारी देना आपके दायित्वों का एक अंग है तथा महिला विकास एवं वाल पुष्टाहार में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण एवं अग्रणी है। डा0 शुक्ला ने अवगत कराया कि वि0वि0 जनपद के पॉच आंगनवाडी केन्द्रों का चयन कर वि0वि0 के तकनीकी सहयोग से आदर्श पोषणीय वाटिका स्थापित कर आदर्श आंगनवाडी केन्द्र बनायेगें।

कार्यक्रम में पधारे जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अभिनव मिश्रा ने बताया कि ग्रामीण आंचलों में आज भी अधिकतर महिलाऐं एवं छोटे बच्चे कुपोषण के शिकार है। इसके नियंत्रण हेतु 17–24 जून तक बच्चों का बजन लेकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी हेतु अभियान चलाया जा रहा है तथा कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उनके पोषण हेतु विशेष आहार की व्यवस्था की जा रही है।

उक्त राशन ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित किया जायेगा। साथ ही श्री मिश्रा ने अवगत कराया कि 6 वर्ष की उम्र की शिक्षा का दायित्व भी अव आंगनवाडी कार्यकर्तियों पर ही रहेगा।

इस अवसर पर केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा0 एस0के0 मिश्रा द्वारा कृषक हित में चलायी जा रही विशेष योजनाओं के बारे में जानकारी दी। डा0 मिश्रा ने चयनित किये जाने वाले गॉवों में केन्द्र के माध्यम से इन आंगनवाडी केन्द्रों के विकास में अपनी गतविधियों को चलाने की बात कही। इसके साथ ही केन्द्र के अन्य वैज्ञानिक डा0 (श्रीमती) नीलम एस0 चौहान, डा0 वाई.के. शर्मा तथा डा0 बृजमोहन द्वारा अपने अपने विषय से सम्बन्धित तकनीकी जानकारी उपलब्ध करायी गयी। कार्यक्रम में उपस्थिति आंगनवाडी कार्यकर्तियों की कोविड तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार से सम्बन्धित शंकाओं का निराकरण अधिकारियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिक, कर्मचारी तथा जनपद की 40 से अधिक आंगनवाडी कार्यकर्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डा0 वाई0के0शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आंगनवाडी कार्यकर्तियों को सम्बोधित करते दुवासू, मथुरा के कुलपति प्रो0 जी0के0सिंह

कार्यक्रम में आंगनवाडी कार्यकर्तियों को सम्बोधित करते हुए कुलसचिव एवं अधिष्ठाता डा0 पंकज कुमार शुक्ला